भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1071**
07.02.2020 को उत्तर के लिए

**उत्तर-पूर्व में वन क्षेत्र**

**1071. श्री दीपक अधिकारी (देव) :**
**श्री नामा नागेश्वर राव :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि उत्तर-पूर्व और जनजातीय क्षेत्रों में वन क्षेत्र कम हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा 33 प्रतिशत के इच्छित वन क्षेत्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु क्या समय-सीमा तय की गई है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) और (ख) इस मंत्रालय के अधीनस्थ संगठन भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून द्वारा देश के वन क्षेत्र का द्विवार्षिक रूप से आकलन किया जाता है और इसके निष्कर्षों को भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है।

नवीनतम आईएसएफआर 2019 के अनुसार देश के वन क्षेत्र में आईएसएफआर 2017 की तुलना में 3976 किमी$^2$ की वृद्धि हुई है। वन क्षेत्र में परिवर्तन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

देश के साथ-साथ जनजातीय क्षेत्रों में भी वन क्षेत्र में समग्र वृद्धि हुई है। तथापि, झूम कृषि, विकासात्मक कार्यकलापों जैसे कि खनन, बांधों के निर्माण, सड़क और रेलवे नेटवर्क आदि जैसे विभिन्न कारणों से पूर्वोत्तर राज्यों और कुछ जनजातीय जिलों में आईएसएफआर-2017 की तुलना में आईएसएफआर-2019 में वन क्षेत्र में कुछ कमी देखी गई है। पूर्वोत्तर राज्यों और जनजातीय जिलों में वन क्षेत्र का ब्यौरा क्रमश: **अनुबंध-II** और **अनुबंध-III** में दिया गया है।

(ग) देश में वन क्षेत्र में वृद्धि करने के लिए यह मंत्रालय अनेक पहलें कर रहा है। इनमें मंत्रालय की जारी केंद्रीय प्रायोजित स्कीमें शामिल हैं जैसेकि राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय हरित भारत मिशन और वन्यजीव पर्यावासों का एकीकृत विकास। हाल ही में प्रवर्तित प्रतिपूरक वनीकरण निधि नियम, 2018 में भी वनों में सहायित प्राकृतिक पुनरूदभव, कृत्रिम पुनरूदभव और वन-विज्ञान प्रचालनों को आरंभ करने संबंधी उपबंध समाविष्ट हैं जिनसे वन क्षेत्र में वृद्धि करने में योगदान मिलता है। यह मंत्रालय जन भागीदारी के माध्यम से स्कूल नर्सरी और शहरी वानिकी कार्यक्रमों में भी सहायता प्रदान करता है।

ये वनीकरण कार्यकलाप महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे विभिन्न कार्यक्रम/निधीयन स्रोतों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की स्कीमों/योजनाओं के तहत भी किए जाते हैं।

*******

**अनुबंध-I**

**'उत्तर-पूर्व में वन क्षेत्र' के संबंध में दिनांक 07.02.2020 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1071 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | भौगोलिक क्षेत्र (किमी $^2$) | आईएसएफआर 2017 के अनुसार (किमी $^2$) | आईएसएफआर 2019 के अनुसार (किमी $^2$) | आईएसएफआर 2017 के संबंध में वन क्षेत्र में परिवर्तन (किमी $^2$) | आईएसएफआर 2017 के संबंध में परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1,62,968 | 28147 | 29,137 | 990 | 3.52 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 83,743 | 66,964 | 66,688 | -276 | -0.41 |
| 3 | असम | 78,438 | 28105 | 28,327 | 222 | 0.79 |
| 4 | बिहार | 94,163 | 7299 | 7306 | 7 | 0.1 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1,35,192 | 55,547 | 55,611 | 64 | 0.12 |
| 6 | दिल्ली | 1,483 | 192.41 | 195.44 | 3.03 | 1.57 |
| 7 | गोवा | 3702 | 2229 | 2,237 | 8 | 0.36 |
| 8 | गुजरात | 1,96,244 | 14757 | 14,857 | 100 | 0.68 |
| 9 | हरियाणा | 44,212 | 1588 | 1,602 | 14 | 0.88 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 55,673 | 15100 | 15,434 | 334 | 2.21 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर # — संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर * | 53,258 * | | 21,122 | 348 | 1.68 |
| | संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख * | 1,69,421 * | | 2490 | 23 | 0.93 |
| | कुल | 2,22,236 | 23,241 | 23,612 | 371 | 1.6 |
| 12 | झारखंड | 79,716 | 23,553 | 23,611 | 58 | 0.25 |
| 13 | कर्नाटक | 1,91,791 | 37,550 | 38,575 | 1,025 | 2.73 |
| 14 | केरल | 38,852 | 20,321 | 21,144 | 823 | 4.05 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 3,08,252 | 77,414 | 77,482 | 68 | 0.09 |
| 16 | महाराष्ट्र | 3,07,713 | 50682 | 50,778 | 96 | 0.19 |
| 17 | मणिपुर | 22,327 | 17346 | 16,847 | -499 | -2.88 |
| 18 | मेघालय | 22,429 | 17146 | 17,119 | -27 | -0.16 |
| 19 | मिजोरम | 21,081 | 18,186 | 18,006 | -180 | -0.99 |
| 20 | नगालैंड | 16,579 | 12,489 | 12,486 | -3 | -0.02 |
| 21 | ओडिशा | 1,55,707 | 51,345 | 51,619 | 274 | 0.53 |
| 22 | पंजाब | 50,362 | 1837 | 1,849 | 12 | 0.65 |
| 23 | राजस्थान | 3,42,239 | 16572 | 16,630 | 58 | 0.35 |
| 24 | सिक्किम | 7096 | 3344 | 3342 | -2 | -0.06 |
| 25 | तमिलनाडु | 1,30,060 | 26,281 | 26,364 | 83 | 0.32 |
| 26 | तेलंगाना | 1,12,077 | 20,419 | 20,582 | 163 | 0.8 |
| 27 | त्रिपुरा | 10,486 | 7726 | 7726 | 0 | 0 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 2,40,928 | 14,679 | 14,806 | 127 | 0.87 |
| 29 | उत्तराखंड | 53,483 | 24,295 | 24,303 | 8 | 0.03 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 88,752 | 16,847 | 16,902 | 55 | 0.33 |
| 31 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8,249 | 6742 | 6743 | 1 | 0.01 |
| 32 | चंडीगढ़ | 114 | 21.56 | 22.03 | 0.47 | 2.18 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 491 | 207 | 207 | 0 | 0 |
| 34 | दमन और दीव | 111 | 20.49 | 20.49 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 30 | 27.1 | 27.1 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 490 | 53.67 | 52.41 | -1.26 | -2.35 |
| | **कुल** | **32,87,469** | **7,08,273** | **7,12,249** | **3,976** | **0.56** |

**अनुबंध-II**

**'उत्तर-पूर्व में वन क्षेत्र' के संबंध में दिनांक 07.02.2020 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1071 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| (वर्ग किलोमीटर में क्षेत्र) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **आईएसएफआर 2017 और 2019 के अनुसार उत्तर पूर्व राज्यों में वन क्षेत्र** | | |
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **भौगोलिक क्षेत्र** | **आईएसएफआर 2017** | **आईएसएफआर 2019** | **आईएसएफआर के संबंध में परिवर्तन 2017** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 83,743 | 66,964 | 66,688 | -276 |
| 2 | असम | 78,438 | 21,105 | 28,327 | 222 |
| 3 | मणिपुर | 22,327 | 17,346 | 16,847 | -499 |
| 4 | मेघालय | 22,429 | 17,146 | 17,119 | -27 |
| 5 | मिजोरम | 21,081 | 18,186 | 18,006 | -180 |
| 6 | नगालैंड | 16,579 | 12,489 | 12,486 | -3 |
| 7 | सिक्किम | 7,096 | 3,344 | 3,342 | -2 |
| 8 | त्रिपुरा | 10,486 | 7,726 | 7,726 | 0 |
| | **कुल** | **2,62,179** | **1,71,306** | **1,70,541** | **-765** |

**अनुबंध-III**

**'उत्तर-पूर्व में वन क्षेत्र' के संबंध में दिनांक 07.02.2020 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1071 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

आईएसएफआर 2017 और 2019 के अनुसार जनजातीय क्षेत्रों में वन क्षेत्र

(वर्ग किलोमीटर में क्षेत्र)

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **जनजातीय जिले** | | | | **वर्ष 2017 के संबंध में निवल परिवर्तन** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **सं.** | **भौगोलिक क्षेत्र** | **आईएसएफआर 2017 के अनुसार वन क्षेत्र** | **आईएसएफआर 2019 के अनुसार वन क्षेत्र** | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5 | 44,849 | 11,418 | 12,226 | 808 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 16 | 83,743 | 66,964 | 66,688 | -276 |
| 3 | असम | 19 | 49,489 | 11,832 | 12,073 | 241 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 11 | 92,645 | 39,950 | 39,988 | 38 |
| 5 | गुजरात | 9 | 49,885 | 6966 | 6869 | -97 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 3 | 26,764 | 3259 | 3262 | 3 |
| 7 | झारखंड | 17 | 58,677 | 17,419 | 17,441 | 22 |
| 8 | कर्नाटक | 5 | 26,054 | 13,279 | 13,616 | 337 |
| 9 | केरल | 9 | 27,207 | 14,820 | 15,411 | 591 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 24 | 1,52,132 | 47,414 | 47,463 | 49 |
| 11 | महाराष्ट्र | 12 | 1,44,233 | 30,537 | 30,443 | -94 |
| 12 | मणिपुर | 9 | 22,327 | 17,346 | 16,847 | -499 |
| 13 | मेघालय | 7 | 22,429 | 17,146 | 17,119 | -27 |
| 14 | मिजोरम | 8 | 21,081 | 18,186 | 18,006 | -180 |
| 15 | नगालैंड | 11 | 16,579 | 12,489 | 12,486 | -3 |
| 16 | ओडिशा | 12 | 86,091 | 34,206 | 34,331 | 125 |
| 17 | राजस्थान | 5 | 29,601 | 5274 | 5278 | 4 |
| 18 | सिक्किम | 4 | 7096 | 3344 | 3342 | -2 |
| 19 | तमिलनाडु | 6 | 25,607 | 5700 | 5,671 | -29 |
| 20 | तेलंगाना | 3 | 42,217 | 13,039 | 13,154 | 115 |
| 21 | त्रिपुरा | 4 | 10,486 | 7726 | 7726 | 0 |
| 22 | उत्तर प्रदेश | 1 | 7,680 | 1,274 | 1,273 | -1 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 12 | 69,403 | 14,595 | 14,650 | 55 |
| 24 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3 | 8,249 | 6742 | 6743 | 1 |
| 25 | दादरा और नगर हवेली | 1 | 491 | 207 | 207 | 0 |
| 26 | दमन और दीव | 1 | 72 | 11 | 11 | -0.05 |
| 27 | लक्षद्वीप | 1 | 30 | 27 | 27 | 0 |
| | **कुल** | **218** | **11,25,117** | **4,21,170** | **4,22,351** | **1,181** |